ईट राइट चैलेंज में इंदौर को मिला पहला स्थान

चर्चा में क्यों?

7 जून, 2022 को विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस के अवसर पर नई दिल्ली में आयोजित एक कार्यक्रम में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया ने इंदौर को ईट राइट चैलेंज (Eat Right Challenge) स्पर्द्धा का पहला पुरस्कार प्रदान किया।

प्रमुख बिंदु

- 'ईट राइट चैलेंज फॉर सिटीज एंड डिस्ट्रिक्ट्स' के तहत खाद्य सुरक्षा की पहलों को अपनाने, नियम और परिवर्तन को बढ़ावा देने के प्रयासों को मान्यता देने के उद्देश्य से देश के 75 शहरों और ज़िलों को विजेता चुना गया है।
- इस स्पर्द्धा में देश के 188 शहरों ने अपना पंजीकरण कराया था, जिनमें से सर्वोच्च अंकों के साथ इंदौर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है।
- इसके साथ ही प्रदेश के 7 अन्य ज़िलों- भोपाल, उज्जैन, जबलपुर, ग्वालियर, रीवा, सागर और सतना को भी ईट राइट चैलेंज फॉर सिटीज एंड डिस्ट्रिक्ट्स के तहत खाद्य सुरक्षा को लेकर सकारात्मक परिवर्तन के लिये सम्मानित किया गया।
- भोपाल, उज्जैन, जबलपुर ने क्रमश: 3, 5 और 7वाँ स्थान प्राप्त किया है। ग्वालियर को 12वाँ, रीवा को 17वाँ, सागर को 23वाँ और सतना को 74वाँ स्थान प्राप्त हुआ है।
- कार्यक्रम में मध्य प्रदेश की 4 स्मार्ट सिटी- इंदौर, जबलपुर, सागर और उज्जैन को ईट स्मार्ट सिटीज चैलेंज में शीर्ष 11 स्मार्ट सिटीज में स्थान प्राप्त करने पर पुरस्कृत किया गया।
- ईट स्मार्ट सिटीज चैलेंज के तहत घरेलू स्तर पर रिसाइक्लिंग और अतिशेष भोजन दान करने की नीति के लिये इंदौर स्मार्ट सिटी को पुरस्कृत किया गया।
- जबलपुर स्मार्ट सिटी को बच्चों में मोटापे की समस्या से निपटने के लिये कार्टून किरदारों द्वारा व्यवहार परिवर्तन को लेकर शुरू की गई पहल के लिये सम्मानित किया गया।
- सागर स्मार्ट सिटी द्वारा बच्चों को खाद्य सुरक्षा प्रशिक्षण देने के लिये वीडियो गेम और युवा पोषण एंबेसेडर तैयार करने के लिये पुरस्कृत किया गया, जबकि हाइड्रोपोनिक्स को बढ़ावा देने के लिये उज्जैन स्मार्ट सिटी को पुरस्कृत किया गया।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/indore-gets-first-place-in-eat-right-challenge